शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक-22.09.2024

“थाना कांट पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के विरूद्ध अभियान चलाकर 02 नफर अभियुक्तो को अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 1 करोड 31 लाख रुपये की कुल वजनी 01 किलो 256 ग्राम अफीम व 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन के साथ किया गिरफ्तार”

श्री राजेश एस , पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र , मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों , वाछित एंव वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम मे श्री संजय कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में श्री प्रियांक जैन, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में श्री अश्वनी कुमार , प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में दिनांक 22.09.2024 को की रात्रि में अभियुक्तगण 1. **श्यामदेव मिश्रा पुत्र रामभजन लाल नि0 ग्राम – बडरिया थाना भुता जनपद बरेली तथा हाल पता मो0 कछियाना थाना व कस्बा विशारतगंज जिला बरेली उम्र करीब 38 वर्ष 2. गुलशन कुमार पुत्र रामगोपाल नि0 ग्राम मिलक मझारा थाना भमौरा जिला बरेली** को जिन्दो वाली पुलिया से ग्राम दिलावरपुर की ओर जाने वाली नहर पटरी सडक के पास से अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 1 करोड 31 लाख रुपये की कुल वजनी 01 किलो 256 ग्राम अफीम व 02 अदद मोबाइल एन्ड्राइड फोन के साथ समय करीब 01.10 बजे गिरफ्तार किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पंजीकृत अभियोग –

1. **मु0अ0सं0 496/2024 धारा 8/18/29 NDPS ACT** बनाम 1.श्यामदेव मिश्रा पुत्र रामभजन लाल 2.गुलशन कुमार पुत्र रामगोपाल 3.मनोज पुत्र नामनामलूम

गिरफ्तार / बरामदगी का विवरण अभियुक्तः–

1. श्यामदेव मिश्रा पुत्र रामभजन लाल नि0 ग्राम – बडरिया थाना भुता जनपद बरेली तथा हाल पता मो0 कछियाना थाना व कस्बा विशारतगंज जिला बरेली उम्र करीब 38 वर्ष से 702 ग्राम अफीम व एक अदद एन्ड्रायड फोन बरामद हुआ।
2. गुलशन कुमार पुत्र रामगोपाल नि0 ग्राम मिलक मझारा थाना भमौरा जिला बरेली उम्र करीब 21 वर्ष से 554 ग्राम अफीम व एक अदद एन्ड्रायड फोन बरामद हुआ।

बरामदगी का विवरणः–

अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 1 करोड 31 लाख रुपये की कुल वजनी 01 किलो 256 ग्राम अफीम व 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल बरामद होना।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण :-

1. उ0नि0 श्री भूपेन्द्र कुमार थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।
2. प्रशि0 उ0नि0 शिवकुमार थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 1848 देवेन्द्र कुमार थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 2681 रविन्द्र कुमार थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 2047 विषू मलिक थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।

पूछताछ विवरण -

प्रभारी निरीक्षक काँट श्री अश्वनी कुमार द्वारा पूछने पर अभियुक्तगण 1.श्यामदेव मिश्रा पुत्र रामभजन लाल नि0 ग्राम - बडरिया थाना भुता जनपद बरेली तथा हाल पता मो0 कछियाना थाना व कस्बा विशारतगंज जिला बरेली उम्र करीब 38 वर्ष व गुलशन कुमार पुत्र रामगोपाल नि0 ग्राम मिलक मझारा थाना भमौरा जिला बरेली द्वारा एक स्वर मे बताया गया कि आज जो हम लोगो से अफीम बरामद हुई है वह विशारतगंज क्षेत्र जिला बरेली के रहने वाले मनोज की है। मनोज यह अफीम झारखण्ड से लाता है और बरेली , बदाँयू , शाहजहाँपुर व आस पास के जिलो के साथ - साथ दिल्ली , पंजाब तक सप्लाई करता है। आज मनोज ने हम दोनो को यह अफीम देकर भेजा था और जिस पुलिया पर हम लोग खडे थे और वहीं पर उसके लोग आ जाते और अफीम को हम लोगो से ले जाते । अफीम मनोज के बताये अनुसार पहुँचाने के लिये हम लोगो के एक बार के पाँच - पाँच हजार रुपये देता है। खाना खर्चा एवं किराया अलग से देता है। मनोज के जो लोग अफीम लेने आते उनको मैं नही पहचानता हूँ। जो हम लोग अफीम पहुँचाते है उसका पैसा सीधा मनोज ही ले लेता है। एक दो बार पहले भी मनोज ने हम लोगो को भेजा था। माल उसके लोग इसी जगह से ले गये थे ।